बिजली,पेय जल और शौचालयों की सुविधायें उपलब्ध हैं;

(ख) यदि नहीं,तो इस संबंध में सरकार का क्या अनुमान हैं;

(ग) क्या सरकार ने उपर्युक्त प्रतिशतता में वृद्वि करने हेतु आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिये कोई लक्ष्य निर्धारित किए हैं;और

(घ) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में शहरी विकास विभाग के राज्य मंत्री (श्री आर.के.धवन): (क) और (ख) ऐसा अनुमान हैं कि 31.12.1991 तक 85.31% शहरी आबादी को पेयजल आपूर्ति तथा 46.64% आबादी को सफाई सुविधा मुहैया करायी जा चुकी हैं । जहां तक घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं का सवाल हैं,31.3.1994 तक शहरी उपभोक्ताओं सहित देश में कुल संख्या 6,01,93,172 थीं ।

(ग) और (घ) उपभोक्ताओं को जल आपूर्ति,सफाई तथा घरेलू बिजली उपलब्ध कराना राज्य सरकारों/संबंधित स्थानीय निकायों का दायित्व हैं । सदी के अन्त तक,शत-प्रतिशत शहरी आबादी को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति पहुंचाने का प्रस्ताव हैं । 20,000 तक की आबादी वाले शहरों में पेयजल आपूर्ति पर विशेष बल देते हुए आठवीं पंचवर्षीय योजना में केन्द्र तथा राज्यों के बीच 50:50 की भागीदारी में केन्द्र प्रवर्तित त्वरित जल आपूर्ति कार्यक्रम शुरू किया गया हैं । इस कार्यक्रम के तहत 132 शहरों के लिए जल आपूर्ति योजनाएं पहले ही मंजूर कर दी गई हैं।

आठवीं योजना में कम लागत की केन्द्र प्रवर्तित स्कीमों के जरिए शहरी क्षेत्रों में शुष्क शौचालयों को जल-वाही शौचालयों में बदलने का विचार हैं । इस स्कीम में आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गो के लिए 45% सब्सिडी,50% राज्य धन/कर्ज व 5% लाभार्थी अंशदान का प्रावधान हैं ।

बिजली आपूर्ति बढ़ाने हेतु बिजली की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को कम करने के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं जिसमें नई विद्युत उत्पादन यूनिटें शीघ्र बनाकर चालू करने,काम विवाद में फलदायी परियोजनाएं चलाने,मौजूदा बिजली घरों के कार्य निष्पादन में सुधार लाने,विद्युत पारेषण व वितरण में छीन को कम करने,बेहतर मांग प्रबंध तथा ऊर्जा संरक्षण को कराने हेतु क्षेत्रों से अभाव क्षेत्रों को ऊर्जा के अंतरण तथा निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देना आदि का समावेश हैं ।

पंजाब में औद्योगिक रूप से पिछड़े जिले

1773. **श्री इकबाल सिंह**: क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पंजाब के औद्योगिक रूप से पिछड़े जिलों के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां,तो वहां औद्योगिक रूप से पिछड़े जिलों के रूप में कितने जिलों की पहचान की गई हैं;

(ग) यदि नहीं,तो इसके क्या कारण हैं;और

(घ) सरकार पंजाब के पिछड़े जिलों के तीव्र गति से विकास हेतु क्या आवश्यक उपाय कर रही हैं ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा.सी.सिल्वेरा): (क) से (घ) सरकार,देश में औद्योगिक रूप से पिछड़े जिलों की सूची तैयार कर रही हैं । देश में औद्योगिक विकास के बारे में स्थानीय असन्तुलनों को कम करने के राज्य सरकारों के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिये 8 वीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक 71 विकास केन्द्र और 50 एकीकृत अवसंरचनात्मक विकास केन्द्रों से स्थापित किये जाने का प्रस्ताव हैं । औद्योगिक रूप से पिछड़े जिलों में उद्योगों की स्थापना हेतु कर प्रोत्साहन देने के लिये आयकर अधिनियम में भी प्रावधान किया गया हैं ।

Freeze Order on construction in New Delhi

1774. SHRI INDER KUMAR GUJRAL: Will the Minister of URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether the building being constructed at S, Dr. Rajendra Prasad Road is in contravention of the freeze order issued by the Prime Minister saying that no building should be constructed or changed in the Lutyen's, New Delhi;

(b) the details of other Government buildings, including the Ministerial Hosues where any alterationsfedditions have been made since issuance of freeze order; and

(c) whether an Expert Group has already submitted a report suggesting